तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

12 अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर लगेगा...



13 कबीर सत्संग पर निकाली शोभायात्रा और चौका ...





## खबर संक्षेप



### अर्धनारीश्वर मंदिर में होगा रुद्राभिषेक

**खरोरा।** केशला में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर अर्धनारीश्वर मंदिर समिति द्वारा महादेव रुद्राभिषेक व महाभोग भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन झांकी आज से

**भाटापारा।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन झांकी व आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन रखा गया है। यह कार्यक्रम 14 से 16 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक एवं सायंकाल 5 से रात्रि 9 बजे तक एवं महा शिवरात्रि 15 फरवरी को झांकी अवलोकन हेतु पूरे दिन के लिए खुली रहेगी।

### सट्टेबाज दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** नगर की पुलिस ने सट्टा खिलाने के दो मामलों में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी मनहरण लाल ध्रुव पिता स्व लतेल राम ध्रुव (52 वर्ष) वार्ड नंबर 19 बढईपारा महासमुंद के कब्जे से तीन नग सट्टा पट्टी, एक मोबाइल नगद रकम 4280 रुपए कुल 6280 रुपए को जब्त किया। इसी तरह पुलिस ने आरोपी सुखदेव आवड़े पिता स्व बोधन आवड़े (54 वर्ष) वार्ड पिटियाझर वार्ड नंबर 12 महासमुंद के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी, एक नग मोबाईल, नगदी रकम 810 रूपये कुल 4320 रुपए को जब्त किया गया। दोनों ही मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई।

# टीम शक्ति ने लवन कॉलेज के छात्रों को सिखाया आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

टीम शक्ति द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर छात्रों को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, नशामुक्त जीवन एवं सायबर सतर्कता का संदेश दिया गया। अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय लवन में यातायात नियमों, नशा मुक्ति एवं सायबर ठगी के संबंध में जानकारी दी गई।

टीम शक्ति द्वारा छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया और यातायात नियम, नशा मुक्ति व सायबर अपराध पर विशेष चर्चा की टीम शक्ति द्वारा जिले में चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियानों की श्रृंखला में शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय लवन में ▶▶ शेष पेज 13 पर

### सायबर और नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक







### छात्र नशे दूर रहे

छात्रों को नशे और अत्यधिक मोबाइल उपयोग जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग आजकल नकारात्मक चीजों से जल्दी प्रभावित होते हैं, इसलिए उन्हें आत्मनियंत्रण और सही-गलत का विचार करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी समझाया कि नियम और कानून सभी के लिए समान हैं और सभी अपराधों के लिए दंड प्रावधान मौजूद हैं। नशा मुक्ति को लेकर बताया गया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। टीम शक्ति द्वारा छात्रों को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

### महत्वपूर्ण जानकारी साझा की

इस दौरान टीम शक्ति द्वारा सेल्फ डिफेंस, महिलाओं पर होने वाले अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनकी रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाले लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस दौरान टीम शक्ति द्वारा किसी भी विपरीत परिस्थिति का डटकर सामना करने के बारे में बताया गया। साथ ही आत्मरक्षा के उपाय बताए गए। टीम शक्ति द्वारा छात्रों को पुलिस कंट्रोल रूम एवं समाधान सेल का मोबाइल नंबर देकर यह विश्वास दिलाया कि किसी भी समस्या के समय वे उनसे एवं पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं।

टीम शक्ति द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

### अपराध : टेंट कर्मी चोरी के आरोप में गिरफ्तार

# सूने मकान से 7.41 लाख की चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, नकदी व जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नगर पंचायत पवनी में हुई एक बड़ी चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। कार खरीदने कसडोल गए एक परिवार के पीछे उनके सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रार्थी रामलाल साहू पिता बनियाराम साहू 58 साल साकिन नगर पंचायत पवनी थाना बिलाईगढ ने रिपोर्ट दर्ज कराया 11 फरवरी को लगभग 2 बजे मैं अपने




परिवार के साथ घर को ताला लगाकर कार खरीदने कसडोल गया था, रात्रि लगभग 10 बजे पवनी आये, घर का ताला टूटा हुआ था। आलमारी में बैग अंदर रखे हुए सोने, चांदी के जेवरात, नगदी रकम कुल किमती 7,41,500 रुपए व मेरा आधार कार्ड को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना में धारा 331(4), 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान शादी में आये टेंट वाले, कैटरिंग वाले, कैमरा वाले आये थे, जिन्हें बारी-बारी से पूछताछ करने पर एक व्यक्ति जिसका नाम कौशिक प्रधान था, वह पुलिस की पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से सोने के जेवरात 6 तोला 2 ग्राम कीमती 559000, चांदी के जेवरात कीमती 179000 रुपये, नगदी रकम 3000 रुपए सहित ▶▶ शेष पेज 13 पर

### संयंत्र में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**बलौदाबाजार।** अंबुजा सीमेंट संयंत्र रवान में चोरी करने वाले विधि से संघर्षरत एक बालक सहित 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा संयंत्र से लोहे के राड, केबल वायर आदि सामानों की चोरी किए थे। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे लोहे का सामान एवं केबल वायर जब्त किया है। प्रार्थी अनूप पटेल निवासी अंबुजा सीमेंट रवान सिक्योरिटी बैरक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 फरवरी को लगभग 2 बजे संयंत्र के क्लींकर सिईलो एरिया में अज्ञात आरोपियों द्वारा प्लांट से लोहे का राड, केबल वायर एवं अन्य सामानों को चोरी कर संयंत्र के बाउंड्री के उसे पर फेंका जा रहा था। प्रार्थी द्वारा जब आवाज लगाया गया तो आरोपी वहां से आरोपी भाग गए। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 303(2) बीएनएस ▶▶ शेष पेज 13 पर



### खिल उठे पलाश, बिखर रही लालिमा



खरोरा| अंचल में बसंत के आगमन के साथ ही पलाश के फूलों ने अपनी लालिमा बिखेरनी शुरू कर दी है। हरियाली के बीच खिले ये फूल राहगीरों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। होली के पर्व से पहले इन फूलों का विशेष महत्व बढ़ जाता है, क्योंकि गांवों में लोग इनसे हर्बल रंग तैयार करते हैं। पानी में भिगोकर उबाले गए पलाश के फूलों से प्राकृतिक रंग बनता है, जो त्वचा के लिए सुरक्षित होता है। औषधीय गुणों से भरपूर यह पेड़ कई बीमारियों के इलाज में भी कारगर साबित होता है। पलाश की यह सुर्ख आभा प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी उपहार से कम नहीं।

# स्टील प्लांट में वेल्डिंग के दौरान 30 फीट ऊंचाई से गिरे अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिमगा ब्लॉक के ग्राम केसदा स्थित स्टील प्लांट में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्लांट में वेल्डिंग का काम कर रहे एक बुजुर्ग श्रमिक की 30 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में हड़कंप मच गया।




थाना प्रभारी गोकुल प्रसाद पटेल से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार के दोपहर 12.30 बजे सदाशिव प्रधान 58 वर्ष निवासी ग्राम सकलोर जो ग्राम केसदा के स्टील प्लांट में लगभग 30 फीट ऊंचे रैलिंग में वेल्डिंग का कार्य कर रहा था, किंतु रॉड का वेल्डिंग पूरा नहीं हो पाया था, इसी बीच वह लोहे के पाइप सहित वह नीचे जमीन पर गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। स्थिति को देखते हुए फैक्ट्री प्रबंधन ने उसे गंभीर हालत ▶▶ शेष पेज 13 पर

## नमूना जांच में मिला अवमानक खाद्य पदार्थ, कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जिले में विगत महीनों से चलाए गए जांच अभियान के दौरान दुकानों से खाद्य पदार्थों का नमूना लिया। राज्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच उपरांत खाद्य पदार्थ अवमानक पाया गया। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन पाये जाने पर प्रकरणों का विवेचना उपरान्त अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार मेसर्स एमटूएम रेस्टोरेंट बलौदाबाजार का पनीर अवमानक स्तर का व बिरयानी दम राइस में रंग की उपस्थिति के कारण निम्न स्तर एवं साक्षी डेयरी ▶▶ शेष पेज 13 पर

## होली से पहले किसानों के आंगन में बरसेगा खुशियों का गुलाल

**हथबंद।** भाजपा मंडल और जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के लाखों किसानों को होली पर्व से पहले धान की अंतर राशि 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से का एकमुश्त भुगतान करने का फैसला ऐतिहासिक और किसान हितैषी है। जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने बताया कि कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, राज्य के 25 लाख 24 हजार 339 किसानों को होली के पावन पर्व से पहले ▶▶ शेष पेज 13 पर



### एसडीएम ने थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया

# सामाजिक भवन के बोर्ड में तोड़फोड़, आक्रोशित यादव समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

यादव समाज ने भवन निर्माण कार्य के लिए लगाये बोर्ड को तोड़ फोड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को दोपहर में वार्ड क्रमांक 7 चुचरुंगपुर के यादव समाज के सैकड़ों लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे और यादव समाज के भवन निर्माण कार्य में बोर्ड को तोड़ फोड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि चुचरुंगपुर वार्ड क्रमांक 7 में नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया एवं वार्ड पार्षद प्रियंका



अनूप तिवारी द्वारा यादव समाज के सामाजिक भवन निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन किया था, जिसका बोर्ड लगाया गया था। इसे गुरुवार की रात कृष्णा भट्ट, गुलाब भट्ट, परस भट्ट, मोहित भट्ट, पिंटू भट्ट एवं अन्य लोगों द्वारा एक राय होकर बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिया है तथा यादव समाज को सामाजिक भवन नहीं बनने देंगे कहते हुए गाली गलौज की है। इससे यादव समाज आक्रोशित हैं। वार्ड में कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए तोड़ फोड़ कर गाली गलौज करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होना आवश्यक है। ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम अतुल शेटे ने थाना प्रभारी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।



## खबर संक्षेप

### छिब्बर 18 को संपूर्णता अभियान 2.0 में होंगी शामिल

**महासमुंद।** महानिदेशक नीति आयोग, नई दिल्ली एवं जिले की प्रभारी सचिव निधि छिब्बर 18 फरवरी 2026 को आकांक्षी विकासखंड पिथौरा के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 अभियान में शामिल होंगी। इस संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम विवरण के अनुसार आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें तथा निर्धारित समय पर उपस्थिति होने के निर्देश दिए हैं।

### युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैंप 16 से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा 16 फरवरी को पिथौरा जनपद पंचायत कार्यालय, 17 फरवरी को बसना जनपद पंचायत एवं 18 फरवरी को सरायपाली जनपद पंचायत कार्यालय में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### महाशिवरात्रि पर 24 घंटे अखंड जाप एवं भजन कीर्तन

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में महाशिवरात्रि महोत्सव 15 फरवरी को 24 घंटे का पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय का अखंड संकीर्तन साधकों एवं भक्तों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातःकाल 6 बजे से सायं काल 6 बजे तक ॐ नमः शिवाय मंत्र का सामूहिक संकीर्तन सायं काल 6 बजे से 8:30 बजे तक भक्तगणों द्वारा भजन कीर्तन। रात्रि 9 बजे से प्रातः काल 6 बजे तक पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय का सामूहिक संकीर्तन एवं आरती पश्चात समापन। उक्ताशय की जानकारी दिव्य जीवन संघ स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक,महासमुंद अध्यक्ष दौलत चंद्राकर ने दी है।

### आरटीओ के नाम पर ई-चालान भेज कर अकाउंट में सेंध लगाने वाले दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आरटीओ के नाम पर ई-चालान भेजकर पूरे देश में ठगी करने वाले दो शातिरों को रेंज साइबर पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आरटीओ चालान के नाम से फर्जी एसएमएस भेजकर लोगों का मोबाइल हैक करते थे, फिर अकाउंट से रकम ट्रांसफर कर ठगी करते थे। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ठगी के मास्टर माइंड हैं। ठग गिरोह के तीन सदस्यों को रेंज साइबर पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। फर्जी ई-चालान भेज करठगी करने के आरोप में पुलिस ने राजस्थान, बाड़मेर तथा जोधपुर से पृथ्वी कुमार बिश्नोई उर्फ राहुल तथा नरसिंह सिंह को गिरफ्तार किया है। विधानसभा थाना में धर्मेंद्र सिंह ने जनवरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरटीओ ई-चालान के नाम से मैसेज के लिंक को क्लिक करने पर अकाउंट से साढ़े चार लाख रुपए किसी दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर हो गया। जांच के दौरान गूगल, बैंक, मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों और टेलीग्राम से मिले तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रेंज साइबर पुलिस आरोपियों का लोकेशन ट्रेस किया और राजस्थान में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार किया।

### जिलेभर में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिलेभर में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 12 फरवरी को जोंक नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर मौके पर जांच की गई। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि जोंक नदी में बल्दीडीह के खसरा नंबर 628, रकबा 5.000 क्षेत्र में रोहित साहू के नाम से रेत खदान की स्वीकृति अवधि 21 अक्टूबर 2024 से 20 अक्टूबर 2029 तक वैध रूप से है। खनिज अमले द्वारा मुराई धोवा नाला, जंघोरा, माटीदरहा, बिजेपुर एवं परसवानी क्षेत्रों में सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

# हरियाली के लिए लगाए गए पौधे देखरेख के अभाव में सूखने लगे, व्यवस्थाएं भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रेनाइट की चट्टानों से परिपूर्ण चंदवा पहाड़ी को बचाने के लिए इसे हरा भरा करने की पहल तो हुई। लेकिन, अनदेखी के चलते यहां लगाए गए पौधे सूख रहे हैं और हरियाली खोती जा रही है। जिले के खल्लारी क्षेत्र के ग्राम बोईरगांव के इस चंदवा पहाड़ी को बचाने के लिए ही ग्रामीणों ने भीम की विशाल प्रतिमा भी स्थापित की गई थी।

ग्रेनाइट की इस पहाड़ी को बचाने के लिए वर्ष 2023 में कठोर चट्टानों के बीच गड्ढों और दरारों में तेल के डिब्बों में मिट्टी भरकर बरगद, पीपल, कदम और करंज जैसे सैकड़ों पौधे लगाए गए थे। विडंबना यह है कि तात्कालीन अफसरों का तबादला होने के बाद विभाग ने इस प्रोजेक्ट से मुंह मोड़ लिया। पहाड़ी से करीब 2 किलोमीटर दूर से पानी लाकर पौधों को सींचने वाले मजदूरों की व्यवस्था अब बंद कर दी गई है।

#### सुरक्षा के लिए लगाई जाली

पौधों को मवेशियों से बचाने के लिए लगाई गई लोहे की जालियां भी शरारती तत्वों का निशाना बन गई। वहीं, देखरेख के लिए बनाई गई अस्थायी झोपड़ी अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है।



#### पर्यटन की उम्मीदों पर फिर रहा है पानी

चंदवा पहाड़ी (भीम डोंगरी) को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का की पहल तात्कालीन अफसरों के मार्गदर्शन में हुई। करीब 100 फीट ऊंची और 30 एकड़ में फैली इस पहाड़ी पर एकादशी के दिन मेला भी लगता है। ग्रामीणों ने इस पहाड़ी को खनन माफियाओं से बचाने के लिए 2014 में भीम प्रतिमा की स्थापना की थी।

#### व्यवस्थाएं पुनः सुचारू होंगी: ध्रुव

वर्तमान वन परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव का कहना है कि पौधों की सुरक्षा और पहाड़ी में हरियाली बनाए रखने के लिए पानी डालने की व्यवस्था बनाई जाएगी। उनका कहना है कि यदि स्थानीय वन विभाग जल्द मजदूरों और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करे, तो ये पौधे पेड़ बन सकते हैं।

### आज और कल विशेष पूजा, जल अभिषेक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

# अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर लगेगा दो दिवसीय मड़ई मेला



## भूतेश्वर महादेव मंदिर में पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महाभिषेक कल

**खरोरा।** ग्राम चिचोली स्थित दो सरोवरों के मध्य विराजित स्वयंभू भगवान भूतेश्वर महादेव मंदिर में इस वर्ष भी श्रद्धालुजन युगल जोड़े में पार्थिव शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक करेंगे तथा चारों पहर की विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर में प्रथम प्रहर की पूजा प्रातः 11 बजे से, द्वितीय प्रहर की पूजा दोपहर 3 बजे से, तृतीय प्रहर की पूजा सायं 7 बजे से तथा चतुर्थ प्रहर की पूजा रात्रि 11 बजे से प्रारंभ होगी। इसके पश्चात 16 फरवरी की प्रातः 4 बजे हवन कार्यक्रम संपन्न होगा। पूजन उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया है।पूजा एवं मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ठाकुर ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत 11 वर्ष पूर्व बाल ब्रह्मचारी संत शिरोमणि दास महाराज प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय गौ रक्षा संघ द्वारा की गई थी। इस वर्ष भी प्रयागराज से पधारे विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक विधि से अभिषेक एवं पूजन कराया जाएगा। प्रमुख यजमान के रूप में नीरा राजकुमार सिंह सपत्नीक पूजा में सम्मिलित होंगी। उन्होंने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान भूतेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस आयोजन में ग्राम के मंत्री शक्ति, युवा शक्ति, मातृशक्ति एवं वरिष्ठजनों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। महिला ग्राम संगठन की अध्यक्ष जया साहू सहित समस्त मातृशक्ति सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं। पूजा व्यवस्था में सीताराम अग्रवाल एवं रामेश्वर सिरमौर का विशेष योगदान रहता है। वहीं कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव अवधेश पांडे के मार्गदर्शन में ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के अनेक सहयोगी भी सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। समिति अध्यक्ष ने बताया कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ की पूजा करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। भगवान भूतेश्वर महादेव की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, यही सभी श्रद्धालुओं की कामना है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

महाशिवरात्रि पर खरोरा क्षेत्र के ग्राम बेल्दार सिवनी में स्थित लगभग 250 वर्ष पुराने प्राचीन अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में 14 एवं 15 फरवरी को दो दिवसीय भव्य मड़ई मेले का आयोजन होगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, जल अभिषेक, दर्शन एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार 14 फरवरी की रात्रि में शिव मंदिर में ग्रामवासियों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना एवं जल अभिषेक किया जाएगा। वहीं 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाएगी। श्रद्धालु मंदिर में जल, बेलपत्र एवं प्रसाद अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

ग्रामीणों के अनुसार यह मंदिर लगभग ढाई सौ वर्ष पुराना है। मान्यता है कि ग्राम के मालगुजार स्व. रामगुलजारी अग्रवाल को स्वप्न में शिवलिंग के प्रकट होने का संकेत मिला था। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से बताए गए स्थान पर खुदाई कर शिवलिंग को बाहर निकाला गया और उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कराया गया। तभी से यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मंदिर में स्थापित शिवलिंग की एक विशेषता यह भी है कि यह वर्ष में तीन बार अपना स्वरूप बदलता है। वर्षा ऋतु में शिवलिंग काला एवं चिकना दिखाई देता है, शीत ऋतु में इसका स्वरूप भूरा एवं खुरदुरा हो जाता है, जबकि ग्रीष्म ऋतु में शिवलिंग बीच से दो भागों में विभाजित होकर अर्द्धनारीश्वर के स्वरूप में दिखाई देता है। इस अद्भुत परिवर्तन को देखने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं।

मंदिर में महाशिवरात्रि एवं सावन माह के दौरान विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर के समीप स्थित जलाशय से श्रद्धालु जल लेकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है।

मेले के दौरान श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध नाचा कलाकार बलराम गोपाल (ग्राम निपानी, जिला बालोद) अपनी प्रस्तुति देंगे, जो हास्य एवं लोककला के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। वहीं 15 फरवरी की रात 11 बजे सुर वर्षा स्वर श्याम कुटेला (जिला मुंगेली) द्वारा भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# खरीफ सीजन के लिए समितियों में उर्वरक का पर्याप्त भण्डारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में किसानों को आगामी खरीफ वर्ष 2026 हेतु समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा इस वर्ष भी अग्रिम उर्वरक उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अग्रिम उठाव 1 फरवरी से 31 मई तक जारी रहेगा। इस हेतु जिले में संचालित समस्त समितियों में पर्याप्त उर्वरकों का भण्डारण कराया जा रहा है।

- किसान 31 मई तक कर सकते हैं अग्रिम उठाव

जिले को इस वर्ष अग्रिम उठाव के लिए कुल 25300 मैट्रिक टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान में सहकारी समितियों एवं डबल लॉक गोदामों में यूरिया 4982 मैट्रिक टन, डीएपी 2674 मैट्रिक टन, एमओपी 1545 मैट्रिक टन, एसएसपी 1327 मैट्रिक टन एवं एनपीके 1245 मेट्रिक टन कुल 11773 मैट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है। भण्डारण के साथ साथ ही, 1 फरवरी से किसानों द्वारा समितियों से उर्वरकों का अग्रिम उठाव भी प्रारंभ हो चुका है।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि खरीफ सीजन में जब कृषि कार्य में तेजी रहती है तथा उर्वरकों का मांग अधिक रहता है उस समय उर्वरक की कमी की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। इस समस्या के समाधान हेतु जिले के सभी कृषक अपने नजदीकी सहकारी समिति से आवश्यक्तानुसार उर्वरकों का अग्रिम उठाव कर भविष्य में खाद की समस्या से निजात पा सकते है। अग्रिम उठाव से भंडारण कन्द्रों में भी पर्याप्त उर्वरकों कें भंडारण हेतु क्षमता में भी वृद्धि होती है तथा मांग अनुसार उपलब्धता निरंतर बनी रहती है। अग्रिम उठाव से न केवल संभावित खाद संकट से बचा सकता है, बल्कि वितरण में अनावश्यक भीड़ एवं अव्यवस्था भी को भी रोका जा सकता है। कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायतो में मुनादी भी कराई जा रही है।

# मितान को मिला कृति साहित्य सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विगत दिनों कला एवं साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन लिये समर्पित प्रतिष्ठित संस्था कृति कला एवं साहित्य परिषद बिलासपुर द्वारा अपने 25 वें शिखर गामी वर्ष को रजत जयंती के रूप मनाया गया। इसमें कला एवं साहित्य में उल्लेखनीय कार्य करने करने वाले साहित्यकार एवं कलाकारों को डॉ. विनय पाठक, प्रवीण झा, डॉ. ओम माखीजा, डॉ. पीसी लाल यादव, मीर अली मीर एवं रामनारायण धुर्वे जैसे नामी साहित्यकारों की आतिथ्य में सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में सिमगा अंचल के साहित्यकार मनीराम साहू मितान को भी कृति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि मितान द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा में कुल 8 किताबें लिखी जा चुकी हैं। उनकी बाल कहानियां राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा स्कूली छात्रों हेतु प्रकाशित हो चुकी हैं। पं सुंदर लाल शर्मा विश्व विद्यालय में उनकी रचनाओं को एम.ए. छत्तीसगढ़ी में सम्मिलित किया जा चुका है। मितान को इस कृति साहित्य सम्मान हेतु अंचल के साहित्यकार चोवाराम बादल, अजय अमृतांशु, कन्हैया साहू अमित, भागवत चंद्राकर, पोखन जायसवाल, दिनेश उपाध्याय, घनश्याम देवांगन, सुनील सेन, खिबीराम साहू ने बधाई दी।

### तालाब के पास जुआ खेल रहे छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** महामाया तालाब के पार में जुआ खेल रहे छह लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को 13 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि महामाया तालाब के पार में कुछ व्यक्ति हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी अजय कहार पिता श्याम कहार (25 साल) महामाया मंदिर के पास वार्ड नं 16 महासमुंद, तुषार मक्कड़ पिता राजकुमार मक्कड़ (21 साल) इमली भांठा वार्ड नं 02 महासमुंद, नीलकंठ साहू पिता गणेशु साहू (26 साल) शंकर नगर वार्ड नं 01 महासमुंद, उमेश कुमार ढीमर पिता मनहरण लाल ढीमर (53 साल) पुराना रावण भांठा वार्ड 16 महासमुंद, विक्की मक्कड़ पिता बलदेव मक्कड़ (45 साल) इमली भांठा वार्ड नं 02 महासमुंद और राजू यादव पिता परदेश यादव (35 साल) वार्ड नं 15 पुराना रावण भांठा महासमुंद के कब्जे से 20500 रुपए एवं फड से 57000 रुपए बरामद किया।

# पुलिस अधीक्षक ने मालखाना मुंशी और ऑपरेटरों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक द्वारा मालखाना मुंशी एवं सीसीटीएनएस ऑपरेटरों के कार्यों की समीक्षा कर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कार्यों को समय सीमा एवं पारदर्शिता पूर्वक निष्पादित किए जाने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मालखाना एंट्री संबंधित कार्य, मेडिकल रिपोर्ट, पीएम रिपोर्ट आदि सभी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन एवं समयबद्ध बनाना होगा।

- पारदर्शिता और डिजिटल एंट्री पर जोर

थाना स्तर पर क्लाइंट इंटरफेस एफआईआर, चार्जशीट, केस डायरी की त्वरित एंट्री करने निर्देशित किया गया।

मेडलीपीआर पोर्टल से एमएलआर और पीएमआर रिपोर्ट ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करना, मालखाना, मेडलीपार, साइबर पुलिस पोर्टल, मिशन वात्सल्य, ई- अभियोजन के संबंध में व्यवहारिक दिक्कतों को दूर करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही डेटा एंट्री को तेज और निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेतु हिदायत दी गई।





### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

# हायर सेकंडरी में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमसेना में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह किया गया। मुख्य अतिथि राजेश्वरी डहरिया जनपद सदस्य आरंग ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिन डहरिया प्रतिनिधि, मनटोरा विश्वकर्मा पूर्व पंच उपस्थित थे। इस अवसर पर वार्षिक प्रतिभा सम्मान जिन्होंने कक्षा नवमीं से बारहवीं प्रवीण्य सूची में स्थान, सर्वाधिक उपस्थिति, नृत्य, क्रीड़ा, निबंध, चित्रकला, रंगोली, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के साथ साथ स्काउट गाइड, रेडक्रॉस, सांस्कृतिक, इको क्लब, दल नायक एवं बैंड ग्रुप द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राजेश्वरी डहरिया जनपद सदस्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने गुरुजनों, माता पिता का नाम रोशन करने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए आशीर्वाद प्रदान कर शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलने प्रोत्साहित किया। सचिन डहरिया ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। प्राचार्य डॉ. दिलीप झा ने वार्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं को ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा सम्मानित किया। बारहवीं के छात्रों ने भी अपने विद्यालय में बिताए समय को याद करते हुए अपने खट्टे मीठे अनुभव साझा किए। छात्रों ने मनोरंजनात्मक खेल के माध्यम से शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मंच संचालन भोजराम मनहरे, व्यायाम शिक्षक एवं छात्रा जास्मिन बंजारे एवं दीक्षा ढीढी, रिकी बर्मन ने किया।



# वार्षिकोत्सव में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसमें विविध बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा से बालों को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. शंपा चौबे ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए इस तरह के प्रतिस्पर्धी अवसरों में अधिक-से-अधिक संख्या में भाग लेने और प्रतिभा प्रदर्शित करने उनका उत्साहवर्धन किया। सलाद-सज्जा के प्रतिभागियों ने भारत भूमि, विविध फूलों, आदिवासी कला और ढोलकर गणेश की प्रतिमा, तितली आदि को अपनी सलाद कला से उत्कृष्ट रूप दिया। मेहंदी प्रतिस्पर्धा में भी बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने हुनर को प्रकट किया। अंतिम आयोजन अल्पना में बालिकाओं ने चावल आटे से बनने वाले विविध शुभ एवं मंगलसूचक आकर्षक चित्रों की रचना कर अपनी अनुपम कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर अंतर्गत ग्राम गिरना के मृतक सुदामा यादव की पत्नी सविता यादव के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रज्ञेश्वर महादेव में रुद्राभिषेक कल

**महासमुंद।** बेमचा स्थित गायत्री मंदिर में स्थापित प्रज्ञेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक महाशिवरात्रि पर्व पर होगा। शांति कुंज हरिद्वार के निर्देशन में प्रतिवर्ष श्रवण अक्षय तृतीया एवं महाशिवरात्रि पर्व पर विधि विधान पूर्वक रुद्राभिषेक होता है। प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक रुद्राभिषेक एवं 12 से 1 बजे एक कुंडीय गायत्री यज्ञ होगा। श्रद्धालुजन गाय का दूध, दही, घी, गंगा जल, शहद, चंदन, धतूरे का फूल एवं बेलपत्र लाकर रुद्राभिषेक में शामिल हो सकते है।

### छात्राओं से परीक्षा की तैयारी की जानकारी ले रहे शिक्षक

**महासमुंद।** बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होने वाली है। इसलिए बच्चों को प्रवेश पत्र दे दिया है और वे स्कूल ना आकर घर में परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वाणिज्य विषय के व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी विद्यार्थियों के घर-घर जाकर यह पता कर रहे हैं कि वे परीक्षा की तैयारी कैसे कर रहे हैं। इस दौरान वे बच्चों के पालकों से मिलकर यह पता कर रहे हैं कि बच्चे कब सोते हैं, किस समय उठते हैं, कितने घंटे पढ़ाई करते हैं? मोबाइल और टीवी में अपना समय तो खराब नहीं करते? उन्होंने ने बताया कि अगले एक सप्ताह के अंदर अपनी कक्षा में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों के घर जाकर मुलाकात करने वाले हैं।

## आयोजन : समाज के बच्चों ने लिया कैरियर मार्गदर्शन

# डभरा में हुआ सवरा समाज का प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

सक्ति जिले के नगर पंचायत डभरा के कृष्ण पैलेंस में 18गढ़ सवरा समाज का प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं कैरियर मार्गदर्शन हुआ। कार्यक्रम का शुभ आरंभ समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सहदेव सिंह सिदार एवं प्रशासक रत्थु प्रसाद सिदार व सामाजिक पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम को दो पार्ट में रखा गया था। सुबह कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम और दोपहर में विवाह योग्य युवक युवती का परिचय सम्मेलन। कैरियर मार्गदर्शन के लिए समाज के ही सीजी पीएससी क्रैक करने वाले अधिकारी अलेख सिदार सहायक आयुक्त आबकारी विभाग, छवि सिदार सहायक





प्रोफेसर, गजानंद सिदार नायब तहसीलदार, दलबीर सिंह सिदार, कोषालय अधिकारी, कोमल सिदार उप निरीक्षक आबकारी विभाग, आदित्या भोई आर टी ओ निरीक्षक ने कार्यक्रम में उपस्थित 12वीं, कालेज, बेरोजगार युवक युतियों को कैरियर मार्गदर्शन दी। कार्यक्रम में समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सहदेव सिंह सिदार ने कहा कि केंद्रीय क्षेत्रीय पदाधिकारियों, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग, समाज के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण, समाज के युवक युवतियों की उपस्थित ने अमली जामा पहनने का काम किया है। यह आयोजन से समाज को एक नए दिशा मिली हैं। समाज के इस कड़ी मेहनत ने एक नए मुकाम का रास्ता खोला है। आने वाले दिनों हम सबकी यह एकजुटता समाज को मजबूती देगा। देश व दुनिया के पटल पर हमारे समाज आगे बढ़ते हुए एक अलग मुकाम हासिल करेगा। आज की यह आयोजन में कार्यरत समस्त मैनेजमेंट प्रभारी हमारे 10 परिक्षेत्र के समस्त अधिकारीगण की मेहनत, केंद्रीय पदाधिकारियों की मार्गदर्शन और पूर्व पदाधिकारियों की सहयोग ने यह रंग लाए है। वही सभा को संबोधित प्रांतीय उपाध्यक्ष हेम लाल सिदार, पूर्व अध्यक्ष रोहित कुमार सिदार ने भी की। और आभार प्रदर्शन समाज के प्रशासक रथू प्रसाद ने की।

#### इनका रहा सहयोग

वही कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमलाल सिदार प्रांतीय उपाध्यक्ष, नंदलाल सिदार प्रांतीय सचिव, अलेख सिदार प्रांतीय कोषाध्यक्ष, राम बाई सिदार प्रांतीय अध्यक्ष महिला प्रभाग, रोहित कुमार सिदार पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, भवानी सिदार भूतपूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, पार्वती सिदार महासचिव महिला प्रभाग, सरिता सिदार सक्रिय कार्यकर्ता, क्षेत्रीय पदाधिकारियों में महेत्तर लाल सिदार, घसिया सिदार, लकेश्वर सिदार, सिदार सिंह सिदार, विश्वनाथ सिदार, मोहर साय सिदार, वीर सिंह सिदार, श्रीचंद सिदार, कोयलरिहा सिदार, तेजराम सिदार, कार्तिक राम सिदार, धरम लाल बीसी, प्रेम सिदार, अजीत सिदार, धरम सिदार, भरत सिदार सहित सामाजिक सदस्यों का सहयोग रहा।

# विधिक जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में थाना हथबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत पौंसरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैरा लीगल वालंटियर अजय वर्मा द्वारा ग्रामीणों को कानून से संबंधित जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पौंसरी के सरपंच प्रतिनिधि प्रह्लाद वर्मा, सचिव पदमनी निषाद, हथबंद थाना से एएसआई मानिकराम बंजारे एवं आरक्षक प्रशांत धर दिवान उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। शिविर के दौरान ग्रामीणों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही नालसा डालसा की योजनाओं, आशा योजना, जागृति योजना, जंगली जानवरों से संबंधित कानून तथा खेतों में सुरक्षा के नाम पर लगाए जाने वाले विद्युत (करंट) तारों से जुड़ी कानूनी जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

ग्रामीणों को बताया गया कि खेतों में करंट प्रवाहित तार लगाना कानूनन अपराध है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। इसके साथ ही नेशनल लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित, सरल एवं निःशुल्क समाधान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 34 लाभार्थी शामिल हुए, जिनमें 8 पुरुष एवं 26 महिलाएं रहीं। कार्यक्रम के दौरान पाम्पलेट वितरित कर विधिक योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित होने की जानकोरी भी ग्रामीणों को दी गई।

# ठंड की विदाई के साथ घटने लगे तालाबों का जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



- गर्मी के प्रारंभिक चरण में ही जल संकट की आहट

ठंड ऋतु की बिदाई के साथ ही अब गर्मी का एहसास होने लगा है। वहीं शहर व ग्रामीण क्षेत्र के तालाब नहर व छोटे-छोटे डबरा डबरी सुखने लगे हैं। कुछ माह पूर्व तक शहर के मावली मार्ग रोड सुरजपूरा रोड बोरतरा रोड एवं सुरखी रोड सहित अन्य डबरा डबरी व नहर में पानी का बहाव था, वह अब खत्म हो चुका है। गर्मी के आहट के साथ ही अब सभी छोटे-छोटे पानी संग्रहण के स्थान सूखे की मार झेलने की ओर आगे बढ रहे है। शहर सीमा से लगे गांव खोलवा सूरजपूरा टिकुलिया खोखली खपराडीह सेन्दरी सहित अन्य गांव के छोटे छोटे तालाबो में प्रारंभिक गर्मी के दौर में ही तालाब सूखने की ओर आगे बढ़ रहे है शहर सीमा से लगे गांव खोलवा मे तो जल संकट के बादल अभी से मंडराने लगे है। यहां पर स्थित छोटे छोटे तालब का जल स्तर तेजी से दिन प्रतिदिन घट रहा है, जिससे ग्रामीणों के समक्ष नृत्य क्रिया करने के लिए जल संकट गहराने लगा है। गांव मे जल संकट का खतरा मंडराने लगा है।

### आदिवासी समाज टोनाटार चक का आज होगा वार्षिक अधिवेशन

**अर्जुनी।** आदिवासी गोंड समाज टोनाटार परिक्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 14 फरवरी रात्रि को समाज के हृदय स्थल जोगी द्वीप गुर्रा में रखा गया है। वार्षिक अधिवेशन में आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी और समाज के विकास के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए जाएंगे तथा पिछले सत्र हुए निर्णय का समीक्षा कर उक्त निर्णय पर उपचारात्मक चर्चा किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्र के अध्यक्ष दौलत कुंजाम के द्वारा दिया गया। समाज के सभी वर्गों से वार्षिक अधिवेशन में सम्मिलित होने के लिए आह्वान किया गया।

# 7-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के सर्कस मैदान में 12 से 14 फरवरी तक सम्राट फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित 7-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, विशेष अतिथि डॉ. विकास आडिल, अमरजीत सलूजा थे।

कार्यक्रम के आरंभ से ही सर्कस मैदान में विभिन्न टीमों के प्रतिभागियों ने अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया।



इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समन्वय और सकारात्मक सोच का भी विकास करता है। फुटबॉल जैसे टीम खेल से सामूहिक प्रयास, रणनीति और पारस्परिक सहयोग की भावना सुदृढ़ होती है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक है।

# कबीर सत्संग पर निकाली शोभायात्रा और चौका आरती का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कौशलपुर (कोलिया) में 12 एवं 13 फरवरी को सदगुरु कबीर धनी धर्मदास साहेब सत्संग समारोह कबीरपंथी संघ एवं आमीन माता महिला मंडल द्वारा आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में शोभायात्रा निकाली गई एवं कबीर भजन सत्संग प्रवचन व महंत मोहित दास द्वारा सामूहिक चौका आरती का कार्यक्रम हुआ एवं सत्संगियों के लिए आयोजकों द्वारा भोज भंडारा की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर महंत मोहित दास भरत साहू पुहुप दस, अश्वन साहू, रमेश साहू, भोग लाल निषाद, गोविंद निषाद, पुनेश्वरी साहू, ममता साहू, सुनीता संतोष साहू, राजा साहू, कुंती निषाद,नीरा साहू, विष्णु दास, कुंभकरन पटेल व बड़ी संख्या में कबीर पंथी प्रमुख रूप से शामिल हुए।



## पेज 11 के शेष

### टीम शक्ति ने ...

छात्रों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम शक्ति द्वारा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाया गया और उन्हें सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना सिखाया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि आज की डिजिटल दुनिया में लोग अक्सर ऑनलाइन गेम, सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जहां कई तरह के जोखिम मौजूद हैं। उन्होंने छात्रों को फर्जी लिंक, अंजान नंबर, ओटीपी धोखाधड़ी, गलत मैसेज, फोटो दुरुपयोग, साइबर बुलिंग जैसी गतिविधियों से बचने के तरीके समझाए। साथ ही यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि तुरंत माता-पिता और पुलिस को बतानी चाहिए।

### सूने मकान में ...

741000- रुपये एवं घटना में इस्तेमाल किये गये मोबाइल को जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### संयंत्र में चोरी ...

का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर की सूचना पर आरोपी ग्राम खैरताल अर्जुनी निवासी भूपेंद्र कुमार मांडले 19 वर्ष और विधि से संघर्षरत एक बालक को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर संयंत्र अंदर दाखिल होकर चोरी की घटना करना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर संयंत्र से चोरी किया हुआ लोहे का सामान एवं केबल वायर जब्त किया गया है। प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### स्टील प्लांट में...

तिल्दा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज हेतु ले जाया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं तिल्दा थाना में जीरो में मर्ग कायम कर प्रकरण को हथबंद थाना भेजा जाएगा। साथ ही मिली जानकारी के अनुसार मृतक परिवार एवं कंपनी प्रबंधन के बीच में मुआवजे की बात चल रही है।

### होली से पहले...

अंतर राशि का भुगतान किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश में रिकॉर्ड 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल धान नहीं खरीद रही, बल्कि किसानों के पसीने की एक-एक बूंद की कीमत चुका कर उनके पुरुषार्थ का सम्मान कर रही है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रदेश का अन्नदाता ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। होली से पहले एकमुश्त भुगतान का यह निर्णय किसानों के जीवन में न केवल आर्थिक संबल लाएगा, बल्कि उनके उत्सव के उल्लास को भी दोगुना कर देगा।

### नमूना जांच में...

भाटापारा का पनीर निम्न स्तर का पाया गया तथा उल्लेख किराना स्टोर्स से लिये गये आटा नमूने के लेबल में पर्याप्त स्वास्थ्य घोषणाएं नहीं पायी गई। रूद्रबाबा बेवरेज के पानी पाउच में उत्पाद तिथि व बैच नंबर नहीं पाया गया जो कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन पाये जाने पर उक्त प्रकरणों का विवेचना उपरान्त अग्रिम कार्रवाई हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा ग्राहकों को साफ-सफाई युक्त खाद्य परीसरों से ही खाद्य पदार्थों का अवसान तिथि, खाद्य लाइसेंस, पंजीयन नंबर देख कर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों का क्रय करने हेतु निर्देश दिए गए हैं।


जय बाबा
प्रथम पुण्यतिथि
सतनाम साक्षी



जन्म
25.06.1972

स्वर्गवास
14.02.2025

स्व. श्री जगदीश किंगरानी

आज भी आपकी यादें हमें संबल देती हैं,
आपका स्नेह आपके आदर्श हमेशा हमारे साथ हैं।
जो सीखें आपसे पाई, वो जीवन की अनमोल धरोहर है
आपका मार्गदर्शन हमें हर कदम पर प्रेरणा देता रहेगा...

हम सब उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर आश्रुपूरित श्रद्धांजलि श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं...

फर्म
- पंकज पोहा उद्योग
- सी एम इंटरप्राइसेस
- कान्हा फूड्स

श्रद्धानवत्
शिवलदेवी (माताजी), दीपा किंगरानी (पत्नी),
आकाश किंगरानी (पुत्र),
महेश किंगरानी, अनिल किंगरानी (भाई)
प्रितेश, पंकज, धीरज, सूरज (भतीजे)
एवं समस्त किंगरानी परिवार भाटापारा



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
13 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:30, 6:00, 9:00 PM
आटा चक्की (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# जिले में स्वात टीम का गठन, पुलिस लाइन में हुआ बलवा ड्रिल का सजीव पूर्वाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में एक विशेष स्वात (SWAT) टीम का निर्माण किया गया है। शुक्रवार को पुलिस लाइन में इस टीम को विशेष प्रशिक्षण और बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

जिले के विभिन्न थानों और चौकियों से चयनित चुस्त-दुरुस्त अधिकारी-कर्मचारियों को इस टीम में शामिल किया गया है। इनका मुख्य कार्य किसी भी आपात स्थिति या उपद्रव की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुँचकर सुरक्षा प्रबंध संभालना और शांति व्यवस्था बहाल करना होगा। सुबह 7 बजे से आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में टीम के सदस्यों को आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें हैंड स्टन ग्रेनेड, डाई मार्कर और शार्ट रेंज सेल (अश्रु गैस) शामिल हुए।

मेडिकल एवं मजिस्ट्रेट टीम घायलों के उपचार और विधिक प्रक्रियाओं के पालन के लिए है। अभ्यास के दौरान टीम ने वास्तविक उपद्रव जैसी स्थिति निर्मित कर यह सीखा कि किस प्रकार न्यूनतम बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है।

## विशेष प्रशिक्षण और बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया





### मैदान पर सजीव बलवा ड्रिल

रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर और सहायक उप निरीक्षक संजीव राजपूत के नेतृत्व में पुलिस बल ने बलवा ड्रिल का सजीव पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को अलग-अलग टोलियों में बांटा गया था, जिसमें अश्रु गैस टीम भीड़ को तितर-बितर करने के लिए। राइफल पार्टी सुरक्षा और नियंत्रण के लिए।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक विशाल किस्पोट्टा का राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिताओं में चयन

**बगबुडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोहरौद में पदस्थ व्यायाम शिक्षक विशाल किस्पोट्टा ने खेल के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के साथ-साथ ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। विशाल ने हाल ही में 22 जनवरी से 10 फरवरी तक बीआर यादव हॉकी स्टेडियम, बहतराई बिलासपुर में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। अब वे रायपुर में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में अपना कौशल दिखाएंगे। इसके तुरंत बाद वे छत्तीसगढ़ दल की ओर से राष्ट्रीय स्तर की अंतर्विभागीय प्रतियोगिता में भाग लेने दिल्ली जाएंगे। यह प्रतियोगिता 17 से 28 फरवरी तक एसबीवी अशोकनगर, गुमान हेरा दिल्ली में आयोजित होगी। एक शिक्षक के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करना विद्यालय और पूरे शिक्षा विभाग के लिए गौरव का विषय है। विशाल किस्पोट्टा की इस दोहरी सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, शाला विकास समिति के सदस्यों और समस्त शिक्षक गणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### 10 जंगली सूअरों की संदिग्ध मौत, दफनाने पर वन रक्षक निलंबित

**महसमुंद।** जिले के वनपरिक्षेत्र पिथौरा के बगारपाली जंगल के कक्ष क्रमांक 211 व 212 में हाल ही में 10 जंगली सूअरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मृत सूअरों को बिना उच्चाधिकारियों को सूचित किए मैदानी अमले द्वारा दफना दिए जाने के मामले में वनरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, सप्ताह भर पूर्व किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में जहर मिलाकर 10 जंगली सूअरों का शिकार किया, जिसके बाद सभी को जमीन में दफना दिया गया। मामला सामने आने पर विभाग में हड़कंप मच गया और जांच के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि स्थानीय वन रक्षक ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों जैसे रेंजर, एसडीओ या डीएफओ को दिए बिना ही शवों को दफनाने की कार्रवाई की।

## निधन

### टकेश्वरी धीवर



**बंगोली।** ग्राम बंगोली निवासी 40 वर्षीय टकेश्वरी धीवर पिता दुकालू धीवर वर्ष का 13 फरवरी को निधन हो गया, जिसकी अंतिम संस्कार ग्राम के श्मशान घाट चोपन में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। वे दुकालू धीवर, सावित्री धीवर के सुपुत्री थी एवं टकेश्वर धीवर तबला वादक, मोनू धीवर, टिकेश्वरी धीवर के बहन तथा टुमेश धीवर, मितेश धीवर, गितेंद्र धीवर, एश्वर्या धीवर, भूमिका धीवर के बुआ थीं।

**पहल :** जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं वन प्रबंधन समितियों ने की सहभागिता

# जंगल बचाओ संकल्प के तहत सोनबरसा में परिक्षेत्र स्तरीय वन सुरक्षा पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिला वन परिक्षेत्र अंतर्गत परिक्षेत्र स्तरीय वन अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन सोनबरसा वन विहार केंद्र में किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं वन प्रबंधन समितियों की सक्रिय सहभागिता रही। जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव ने वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की, वहीं सरपंच रेणुका नायक ने भी वन अग्नि रोकथाम में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव द्वारा किया गया। जागरूकता के उद्देश्य से जंगल के फूल कला जत्था, धमनी के मिनेंद कुमार यादव एवं उनकी टीम द्वारा "जंगल बचाओ" विषय पर गीत एवं नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि जंगल और खेतों में आग न लगाएं तथा वन संपदा की सुरक्षा में सहयोग करें।

कार्यशाला के दौरान वन अग्नि के प्रमुख कारणों, उससे होने वाली पर्यावरणीय एवं सामाजिक क्षति तथा रोकथाम एवं नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित ग्रामीणों, वन प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं वन अमले को बताया गया कि मानव जनित लापरवाही, कृषि अवशेष जलाना, महुआ संग्रह के दौरान आग लगना, बीड़ी-सिगरेट के अवशेष फेंकना आदि कारणों से अधिकांश आग की घटनाएं होती हैं, जिन्हें सामूहिक सतर्कता से रोका जा सकता है। वन विभाग द्वारा फायर सीजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी भी साझा की गई। प्रत्येक परिक्षेत्र में समर्पित फायर कंट्रोल टीमों का गठन, वन मंडलीय स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना, फायर लाइन कटाई, फायर वाचरों की तैनाती, स्ट्राइक फोर्स की सक्रियता तथा आधुनिक उपकरणों जैसे फायर ब्लोअर के उपयोग पर विशेष बल दिया गया। प्रतिभागियों को फील्ड में ले जाकर अग्नि सुरक्षा उपकरणों का व्यवहारिक प्रदर्शन भी कराया गया।इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए धमनी एवं चिचिरदा वन प्रबंधन समितियों को सम्मानित किया गया।

साथ ही लटुआ हाई स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली एवं पेंटिंग के माध्यम से वन अग्नि सुरक्षा पर जन जागरूकता संदेश प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष एवं वन सभापति सुमन वर्मा, सरपंच लटुवा रेणुका गजेंद्र नायक, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक प्रखर नायक, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल सिमरन साहु,वन प्रबंधन समिति मोहतरा अध्यक्ष व सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जंगल हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं और इन्हें सुरक्षित रखना हम सबका दायित्व है

कार्यशाला के समापन पर वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने कहा कि जंगल हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं और इन्हें सुरक्षित रखना हम सबका दायित्व है। उन्होंने बताया कि वन अग्नि से न केवल पेड़-पौधों को क्षति पहुचती है, बल्कि वन्यजीवों के आवास नष्ट होते हैं, अनेक जीव-जन्तुओं की जान को खतरा होता है तथा प्राकृतिक संतुलन भी प्रभावित होता है। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे वन अग्नि रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाएँ और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि बलौदाबाजार वनमण्डल को इस अग्नि सीजन में सुरक्षित रखा जा सके।

# सही जानकारी और सहयोग से परीक्षा के तनाव से बचना सम्भव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

परीक्षा के समय बच्चों में तनाव, डर, घबराहट और बेचैनी होना सामान्य बात है, लेकिन सही जानकारी, मार्गदर्शन और सहयोग से इसे आसानी से संभाला जा सकता है। परीक्षा के समय तनाव के प्रमुख कारण- परीक्षा के समय बच्चों में तनाव में कई कारण हो सकते हैं, जिनमें प्रमुख रूप से अच्छे नंबर लाने का अत्यधिक दबाव, माता-पिता और शिक्षकों की ज्यादा उम्मीदें, पढ़ाई का अधिक बोझ, समय प्रबंधन की कमी,तुलना और प्रतियोगिता का डर, नींद की कमी, सोशल मीडिया और मोबाइल का अधिक उपयोग एवं असफलता का डर है।

- परीक्षा से पहले छात्रों को दी गई तनाव मुक्ति की जानकारी

शारीरिक लक्षण में पढ़ाई में मन न लगना, सिर दर्द, आत्मविश्वास की कमी, थकान, नींद न आना निराशा और उदासी, भूख कम लगना, अकेले रहने की इच्छा, घबराहट, दिल की धड़कन तेज होना आदि है। मानसिक लक्षण में बार-बार रोने का मन करना, चिड़चिड़ापन है। विद्यार्थियों के लिए रोज पढ़ाई का समय तय करें,बीच-बीच में ब्रेक लें,6-8 घंटे की नींद लें, रोज हल्का व्यायाम करें मोबाइल एवं सोशल मीडिया सीमित रखें, अपने डर और समस्या किसी से साझा करें, संतुलित आहार लें, खुद को दूसरों से तुलना न करें।बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, नंबर से ज्यादा प्रयास की सराहना करें,बच्चे की भावनाओं को समझें, सकारात्मक वातावरण बनाएं, रोज बच्चे से बातचीत करें, आवश्यकता पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की मदद लेनी चाहिए। बच्चों को प्रेरित करना, डर का माहौल न बनने देना,कमजोर बच्चों को विशेष सहयोग देना एवं मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य परामर्श से आत्मविश्वास बढ़ता है,तनाव को सही दिशा मिलती है। आत्महत्या जैसे खतरों से बचाव होता है।

# शिक्षक एवं विद्यार्थियों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सहदेव साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, रामकुमार डडसेना उप सरपंच, चंद्रशेखर साहू, अध्यक्षता प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य द्वारा सरस्वती की पूजा-वंदना की गई।

भारत राम बंजारे व्याख्याता अंग्रेजी के सेवानिवृत्त होने पर एवं हर्षवर्धन रत्नेश व्याख्याता रसायन का युक्तियुक्तकरण के तहत परसाडीह स्कूल होने पर तथा कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं को भावभीनी विदाई दी गई। 12 वीं के विद्यार्थियों द्वारा गीत, कविता एवं विभिन्न विषयों पर आधारित अनुभवों को साझा किए। 12 वीं के सभी विद्यार्थियों स्वल्पाहार तथा उपहार स्वरूप पेन भेंट किए। बंजारे एवं रत्नेश के विदाई पर शिक्षकों द्वारा गीत कविता की प्रस्तुति के साथ विद्यार्थियों को समय नियोजन, लगन निष्ठा कठिन परिश्रम के साथ परीक्षा की तैयारी करने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात संस्था प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा किए। बैंड बाजे के धुन के साथ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मुख्य दरवाजा तक पहुंचाकर विदा दी गई कार में बैठते समय बंजारे सर बहुत ही भावुक दिखाई दे रहे थे साथ में उनकी धर्मपत्नी एवं बच्चे भी आए हुए थे।

### पूर्व माध्यमिक शाला में 8वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**रवान।** पूर्व माध्यमिक शाला भरसेला में कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों द्वारा 8वीं के विद्यार्थियों को स्नेहपूर्ण एवं गरिमामय विदाई दी गई। विद्यालय परिसर में आत्मीय और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और शुभकामनाएं व्यक्त कीं। कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों ने आपसी सहयोग एवं समर्पण की भावना से दोपहर भोज की व्यवस्था की। पूरी, सब्जी, हलवा सहित विभिन्न व्यंजन तैयार कर कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया। यह पहल न केवल आपसी भाईचारे का प्रतीक रही, बल्कि विद्यालय में संस्कार, सहयोग और सामूहिकता की सुंदर परंपरा को भी प्रदर्शित करती है। विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य फलेन कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक बलदाऊ प्रसाद साहू, शिक्षकगण भारती पाण्डेय, विजय कुमार लहरे एवं अमित अवस्थी ने विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न स्वरूप पेन भेंट किए। अपने संदेश में उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में परिश्रम, अनुशासन, लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों द्वारा किए गए सराहनीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।



# श्री कृष्ण प्रकट उत्सव में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



ग्राम सेल में आयोजित भागवत कथा के चतुर्थ दिवस की कथा गजेंद्र मोक्ष की प्रसंग से प्रारंभ की गई। इस प्रसंग की व्याख्या करते हुये आचार्य जी ने बताया की जीव ही गजेंद्र है और ग्राह काल का प्रतिक है, जब जीव को काल रूपी ग्राह पकड़ लेता है तो उसे परमात्मा के सिवाय कोई नहीं बचा सकता उस समय कितने भी उसके अपने हों कितना भी बड़ा परिवार हों बच्चे हों कोई जीव की रक्षा काल से नहीं कर सकता अंत समय मे केवल भगवान ही है, जो जीव की रक्षा कर सकते हैं। आगे समुद्र मंथन की कथा का वर्णन किया गया, जिसमें बताया गया की संसार ही समुद्र है, इस संसार रूपी समुद्र में अमृत भी है और विष भी है, संसार मे यश कीर्ति ही अमृत है और निंदा संसार का विष है, जो इस संसार मे निंदा रूपी विष को पी जाता है। उसी को यश रूपी अमृत की प्राप्ति होती है। उसके बाद देवासूर संग्राम मे वामन अवतार की झांकी निकाली गई, फिर संक्षिप्त मे श्रीराम की कथा का उल्लेख किया गया उसके बाद चंद्रवंश के वर्णन मे परशुराम जी का प्रसंग के बाद भगवान श्रीकृष्ण के अवतार की कथा का वर्णन किया गया जिसमे बालकृष्ण भगवान की सुंदर झांकी मधुर गीत संगीत के साथ निकाली गई और इस नंदउत्सव मे हजारों श्रद्धालू भाई बंधु एवं माताओं, बहनो ने नाच गाकर ताली बजाकर उत्सव मनाया।उसके बाद मंगल आरती के साथ आज की कथा विश्राम की गई। ग्राम सेल सहित आसपास मोतीपुर, साबर एवं कटगी से भी सैकड़ों भक्त कथा श्रवण करने पहुंचे। आरती के पश्चात सभी को भंडारे से प्रसाद रूपी भोजन भी वितरण किया।

**क्षेत्र के 70 किसानों और युवाओं ने भाग लिया**

# संयंत्र ने किसानों के लिए आयोजित किया मत्स्य पालन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने और आधुनिक खेती के गुर सिखाने के उद्देश्य से अल्ट्राटेक सीमेंट (रावन यूनिट) ने मछली पालन विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से एक दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 70 किसानों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इसमें कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने तालाब प्रबंधन, उन्नत बीज चयन, आहार प्रबंधन, जल गुणवत्ता और रोग नियंत्रण जैसे तकनीकी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों को मत्स्य पालन से जुड़ी सरकारी सब्सिडी और बाजार की संभावनाओं के बारे में बताया गया ताकि वे अपनी आय बढ़ा सकें। कार्यक्रम में राज्य अलंकरण 'खूबचंद बघेल कृषक रत्न' से सम्मानित वामन टिकरीहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अल्ट्राटेक द्वारा उनका सम्मान किया गया और उन्होंने किसानों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों और किसानों के बीच सवाल-जवाब का सत्र हुआ, जहाँ किसानों की शंकाओं का समाधान किया गया। समापन पर सभी को कृषि कैलेंडर वितरित किए गए।

कार्यक्रम में झीपन, सरसेनी, फुलवारी और रावन के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। साथ ही अल्ट्राटेक रावन, हिरमी और बैकुंठ इकाई की टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



6, 13, 20, 27 फरवरी 2026
6, 13, 20, 27 मार्च 2026
होटल, टेंपू ट्रैवलर ,खाना, गाईड
राशि:- मात्र 6000/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411